मा० अस्थायी अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज शपथ ग्रहण का दिन है । कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए सप्तदश बिहार विधान सभा के नव-निर्वाचित माननीय सदस्यों का शपथ/प्रतिज्ञान की व्यवस्था निम्न प्रकार से की गयी है :-

आज दिनांक 23 नवम्बर, 2020 को भोजनावकाश के पूर्व यानि 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक माननीय मंत्रिगण सहित निर्वाचन क्षेत्र संख्या-1 से 100 तक के निर्वाचित सदस्यों का शपथ/प्रतिज्ञान होगा तथा आज ही भोजनावकाश के बाद 02:00 बजे अपराह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक निर्वाचन क्षेत्र संख्या-101 से 200 तक के निर्वाचित माननीय सदस्यों का शपथ/प्रतिज्ञान होगा । इसके साथ ही भोजनावकाश के पूर्व शपथ ग्रहण के लिए निर्धारित निर्वाचन क्षेत्र में से जो माननीय सदस्य शपथ/प्रतिज्ञान नहीं ले सके, उनका भी भोजनावकाश के पश्चात् शपथ/प्रतिज्ञान होगा ।

दिनांक 24 नवम्बर, 2020 को निर्वाचन क्षेत्र संख्या-201 से 243 तक तथा वैसे माननीय सदस्यगण जो दिनांक 23 नवम्बर, 2020 को शपथ/प्रतिज्ञान नहीं ले सके हैं, उनका शपथ/प्रतिज्ञान होगा ।

माननीय सदस्यगण, शपथ और प्रतिज्ञान की प्रतियाँ हिन्दी, अँग्रेजी, संस्कृत, उर्दू एवं मैथिली में आपके सामने रखी हुई है, जिनकी जैसी रूचि हो उस भाषा में शपथ या प्रतिज्ञान ले सकते हैं। जब आप पुकारें जायें तब आपको उसको पढ़ देना है । सामने मेज पर एक रजिस्टर है, उसमें आपको हस्ताक्षर करना है । हस्ताक्षर करने के पश्चात आसन के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए पुनः अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे ।

अब सचिव नाम पुकारेंगे ।

मा० अस्थायी अध्यक्ष : सभा सचिव ।